रजिस्ट्री सं. डी एल—33001/96

REGISTERED No. DL—33001/96

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

प्राधिकार से प्रकाशित

PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 13] नई दिल्ली, शनिवार, मार्च 30, 1996 (चैत्र 10, 1918)

No. 13] NEW DELHI, SATURDAY, MARCH 30, 1996 (CHAITRA 10, 1918)

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके)

(Separate paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation)

विषय-सूची

	पृष्ठ
भाग I—खण्ड 1—(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई विधितर नियमों, विनियमों, आदेशों तथा संकल्पों से संबंधित अधिसूचनाएं	319
भाग I—खण्ड 2—(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई सरकारी अधिकारियों की नियुक्तियों, पदोन्नतियों, छुट्टियों आदि के संबंध में अधिसूचनाएं	257
भाग I—खण्ड 3—रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी किए गए संकल्पों और असांविधिक आदेशों के संबंध में अधिसूचनाएं	3
भाग I—खण्ड 4—रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी की गई सरकारी अधिकारियों की नियुक्तियों, पदोन्नतियों, छुट्टियों आदि के संबंध में अधिसूचनाएं	413
भाग II—खण्ड 1—अधिनियम, अध्यादेश और विनियम	*
भाग II—खण्ड 1-क—अधिनियमों, अध्यादेशों और विनियमों का हिन्दी भाषा में प्राधिकृत पाठ	*
भाग II—खण्ड 2—विधेयक तथा विधेयकों पर प्रवर समितियों के बिल तथा रिपोर्ट	*
भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (i) भारत सरकार के मंत्रालयों (रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) और केन्द्रीय प्राधिकरणों (संघ शासित क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) द्वारा जारी किए गए सामान्य सांविधिक नियम (जिनमें सामान्य स्वरूप के आदेश और उपविधियां आदि भी शामिल हैं)	*
भाग II—खण्ड 3—उप खण्ड (ii) भारत सरकार के मंत्रालयों (रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) और केन्द्रीय प्राधिकरणों (संघ शासित क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) द्वारा जारी किए गए सांविधिक आदेश और अधिसूचनाएं	*
भाग II—खण्ड 3—उप खण्ड (iii)—भारत सरकार के मंत्रालयों (जिनमें रक्षा मंत्रालय भी शामिल है) और केन्द्रीय प्राधिकरणों (संघ शासित क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) द्वारा जारी किए गए सामान्य सांविधिक नियमों और सांविधिक आदेशों (जिनमें सामान्य स्वरूप की उपविधियां भी शामिल हैं) के हिन्दी प्राधिकृत पाठ (ऐसे पाठों को छोड़कर जो भारत के राजपत्र के खण्ड 3 या खण्ड 4 में प्रकाशित होते हैं)	*
भाग II—खण्ड 4—रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी किए गए सांविधिक नियम और आदेश	*
भाग III—खण्ड 1—उच्च न्यायालयों, नियंत्रक और महालेखा परीक्षक, संघ लोक सेवा आयोग, रेल विभाग और भारत सरकार से संबद्ध और अधीनस्थ कार्यालयों द्वारा जारी की गई अधिसूचनाएं	291
भाग III—खण्ड 2—पेटेंट कार्यालय द्वारा जारी की गई पेटेन्टों और डिजाइनों से संबंधित अधिसूचनाएं और नोटिस	239
भाग III—खण्ड 3—मुख्य आयुक्तों के प्राधिकार के अधीन अथवा द्वारा जारी की गई अधिसूचनाएं	—
भाग III—खण्ड 4—विविध अधिसूचनाएं जिनमें सांविधिक निकायों द्वारा जारी की गई अधिसूचनाएं, आदेश, विज्ञापन और नोटिस शामिल हैं।	3035
भाग IV—गैर-सरकारी व्यक्तियों और गैर-सरकारी निकायों द्वारा जारी किए गए विज्ञापन और नोटिस	59
भाग V—अंग्रेजी और हिन्दी दोनों में जन्म और मृत्यु के आंकड़ों को बताने वाला अनुपूरक	*

*आंकड़े प्राप्त नहीं हुए।

1—521 GI/95

CONTENTS

	PAGE
PART I— SECTION 1—Notifications relating to Non-Statutory Rules, Regulations, Orders and Resolutions issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court	319
PART I—SECTION 2—Notifications regarding Appointments, Promotions, Leave etc. of Government Officers issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court	257
PART I—SECTION 3—Notifications relating to Resolutions and Non-Statutory Orders issued by the Ministry of Defence . .	3
PART I—SECTION 4—Notifications regarding Appointments, Promotions, Leave etc. of Government Officers issued by the Ministry of Defence	413
PART II—SECTION 1—Acts, Ordinances and Regulations	*
PART II—SECTION 1-A—Authoritative texts in Hindi Language of Acts, Ordinances and Regulations	*
PART II—SECTION 2—Bills and Reports of the Select Committee on Bills	*
PART II—SECTION 3—SUB-SECTION (i)—General Statutory Rules (including Orders, Bye-laws, etc. of general character) issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by Central Authorities (other than the Administration of Union Territories)	*
PART II—SECTION 3—SUB-SECTION (ii)— Statutory Orders and Notifications issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by Central Authorities (other than the Administration of Union Territories). .	*
PART II—SECTION 3—SUB SECTION (iii)—Authoritative texts in Hindi (other than such texts, published in Section 3 or Section 4 of the Gazette of India) of General Statutory Rules & Statutory Orders (including Bye-laws of a general character) issued by the Ministries of the Government of India (including the Ministry of Defence) and by Central Authorities (other than Administration of Union Territories) .	*
PART II—SECTION 4—Statutory Rules and Orders issued by the Ministry of Defence .	*
PART III—SECTION 1—Notifications issued by the High Courts, the Comptroller and Auditor General, Union Public Service Commission, the Indian Government Railways and by Attached and Subordinate Offices of the Government of India .	29
PART III—SECTION 2—Notifications and Notices issued by the Patent Office, relating to Patents and Designs	239
PART III—SECTION 3—Notifications issued by or under the authority of Chief Commissioners	—
PART III—SECTION 4—Miscellaneous Notifications including Notifications, Orders, Advertisements and Notices issued by Statutory Bodies	3035
PART IV—Advertisements and Notices issued by Private Individuals and Private Bodies .	59
PART IV—Supplement showing Statistics of Births and Deaths etc., both in English and Hindi	*

*Follow not received.

भाग I—खण्ड 1

[PART I—SECTION 1]

(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई विधितर नियमों, विनियमों तथा आदेशों और संकल्पों से संबंधित अधिसूचनाएं

[Notifications relating to Non-Statutory Rules, Regulations, Orders and Resolutions issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court]

राष्ट्रपति सचिवालय

नई दिल्ली-110 001, दिनांक 26 मार्च 1996

सं. 24-प्रेज/96—राष्ट्रपति निम्नलिखित व्यक्तियों को "सर्वोत्तम जीवन रक्षा पदक" प्रदान करने का अनुमोदन करते हैं :—

1. मास्टर सुधीर सरदाना,
34/8, कृष्ण कालोनी,
भिवानी,
हरियाणा ।

7-7-1994 को लगभग रात 9.30 बजे दो डाकू डाक्टरी सहायता प्राप्त करने के बहाने कृष्ण कालोनी, भिवानी में डा. ओम प्रकाश सरदाना के घर में आ घुसे । डा. सरदाना, जिनका क्लीनिक जैन चौक पर था, अपने परिवार के सदस्यों के साथ खाना खा रहे थे । मास्टर सुधीर ने घर में घुस आने वालों को कहा कि वे उसके पिता के खाना खा लेने तक इन्तजार करें । वे दोनों अहाते में पड़ी खाट पर बैठ कर इन्तजार करने लगे । इस बीच, उनमें से एक ने गैलरी के दरवाजे पर ताला लगा दिया । इससे मास्टर सुधीर को उनकी नीयत पर शक हो गया और उसने उनसे पूछा कि उन्होंने ताला क्यों लगा दिया है । तभी, डा. सरदाना अपना खाना छोड़कर अहाते में आ गए लेकिन डाकुओं ने उन्हें धक्का मारकर गिरा दिया । एक डाकू ने, जिसकी पहचान बाद में रोहताश के रूप में की गई, अपनी पिस्तौल निकालकर डाक्टर पर गोली चला दी जो उनके सीने पर जा लगी । जख्मी डा. सरदाना, उनकी पत्नी, पुत्र तथा पुत्री सभी डाकू पर झपट पड़े । छोटी उम्र का होते हुए भी मास्टर सुधीर सरदाना ने डाकू को नहीं छोड़ा और सहायता के लिए पुकार की । इस बीच, दूसरा डाकू दरवाजा खोलकर भाग निकला और अन्य डाकू भी, जो घर के बाहर इन्तजार कर रहे थे, घबराकर उसी के पीछे भाग निकले । श्री रोहताश ने अपने आपको मास्टर सुधीर से छुड़ाने की कोशिश की और उसे जान से मार देने की भी धमकी दी ।

लेकिन, मास्टर सुधीर डरा नहीं और उसने उसे तब तक मजबूती से पकड़े रखा जब तक कि सहायता की पुकार सुनकर पड़ोसी वहां आ नहीं गए । पकड़े गए उस डाकू को बाद में पुलिस के हवाले कर दिया गया । गोली लगने के कारण बाद में डा. सरदाना की मौत हो गयी ।

2. छोटी उम्र का होने के बावजूद, मास्टर सुधीर सरदाना ने डाकू को गिरफ्तार करवाने में अदम्य साहस और वीरता का परिचय दिया है ।

2. मास्टर प्रहलाद सिंह,
पुत्र श्री जगत सिंह,
गांव तथा डाकघर मुण्डुखा,
तहसील चम्पावत,
जिला पिथौरागढ़,
उत्तर प्रदेश ।

7-11-1994 को जूनियर हाई स्कूल का छात्र, मास्टर प्रहलाद सिंह अपने पांच साथियों के साथ स्कूल जा रहा था जो उसके घर से लगभग 2 किलो मीटर दूर पहाड़ी क्षेत्र में स्थित था । उस दिन जब वे स्कूल जा रहे थे तो एक जंगली भालू ने उन पर हमला कर दिया । अचानक हुए इस हमले से स्तब्ध होकर बच्चे सहायता के लिए चीख-पुकार करते भागने लगे । परिस्थितियों से विवश होते हुए भी, अपनी कम उम्र के बावजूद श्री प्रहलाद सिंह डरे नहीं और भालू पर टूट पड़े तथा इस प्रकार अन्य सभी को बच निकलने का मौका दिया । क्रुद्ध भालू जोर से मास्टर सिंह पर झपट पड़ा और उसके दायें बाजू को फाड़ डाला, उसके सिर में तथा दाहिनी आंख में अपने तेज नाखून गाड़ दिए और उसके चेहरे पर गंभीर घाव कर दिए ।

2. मास्टर प्रहलाद सिंह ने अपनी जान को गंभीर खतरे की परवाह न करते हुए, 5 बच्चों की जान बचाने में अनुकरणीय साहस और तत्परता का परिचय दिया ।

गिरीश प्रधान, निदेशक

सं. 25-प्रेज/96.—राष्ट्रपति निम्नलिखित व्यक्तियों को "उत्तम जीवन रक्षा पदक" प्रदान करने का अनुमोदन करते हैं :

1. मास्टर तेंजिंग मरक,
मार्फत श्री नावन मरक,
गांव रोंगसांग अजीरिगिरि,
पश्चिमी गारो पहाड़िया जिला,
मेघालय ।

2.2.1995 को लगभग शाम 3.00 बजे श्री नावन मरक अपने भतीजे तेंजिंग मरक के साथ गांव के जंगल से बास लाने के लिए जा रहे थे कि अचानक एक चीते ने श्री मरक पर हमला कर दिया । इस संघर्ष में श्री मरक चीते को जमीन पर पटक देने में सफल हो गए । इस मौके का फायदा उठाते हुए और अपना धैर्य खोए बिना, मास्टर तेंजिंग ने फौरन अपना कुल्हाड़ा चीते के सिर पर दे मारा जिससे चीते की तत्काल मौत हो गई। हालांकि, श्री नावन मरक को इस भिड़ंत में गंभीर चोटें आई थीं, लेकिन मास्टर तेंजिंग द्वारा किए गए समय पर साहसपूर्ण कार्य से श्री नावन की जान बचाई जा सकी ।

2. मास्टर तेंजिंग मरक ने अपनी जान को जोखिम की परवाह न करते हुए अपने चाचा की जान बचाने में अदम्य साहस और तत्परता का परिचय दिया ।

गिरीश प्रधान, निदेशक

सं. 26-प्रेज/96.—राष्ट्रपति निम्नलिखित व्यक्तियों को "जीवन रक्षा पदक" प्रदान करने का अनुमोदन करते हैं :

1. श्रीमती येल्ला बेबी सरोजिनी,
पत्नी श्री सत्य नारायण,
गौनथेरू ड्रेन का फेरी प्वाइंट,
येम्मा ग्राम,
भीमावरम मंडल,
पश्चिम गोदावरी जिला,
आन्ध्र प्रदेश ।

28.7.95 को प्रातः लगभग 8.30 बजे ग्राम येम्मा की निवासी, श्रीमती येल्ला बेबी सरोजिनी ने अपने घर के पास फेरी प्वाइन्ट गौनथेरू ड्रेन से आ रही सहायता के लिए महिलाओं की चीख पुकार सुनी । वह तुरन्त उस तरफ दौड़ी तथा 8 महिलाओं को अपनी जान बचाने के लिए संघर्ष करते देखा क्योंकि उनकी नाव उलट गई थी । यह देखकर वह ड्रेन में कूद गई और उन महिलाओं के प्राण बचाने में सफल हुई ।

2. श्रीमती येल्ला बेबी सरोजिनी ने अपनी जान को जोखिम की परवाह किए बिना डूबने से 8 महिलाओं की जान बचाने में अनुकरणीय साहस और तत्परता का परिचय दिया ।

2. फादर सेबिओ मेनेजिस डि गामा (मरणोपरांत)
एट वर्न, सैलमेंट, गोआ ।

29-10-1995 को सिरोलिम के निवासी मास्टर लिओनेल गैमेंडेस, मास्टर वेन रौड्रिग्स और मास्टर फ्लायड नामक तीन बच्चे सिरोलिम चैपेल के प्रार्थना घर में सामूहिक प्रार्थना के पश्चात साल नदी की निकटवर्ती झील में स्नान करने गए । अचानक नदी के ज्वार बहाव के कारण वे गहरे पानी में बह निकले और डूबने लगे । यह देखकर अन्य बच्चों ने सहायता के लिए शोर मचाया । उनकी चीख-पुकार सुनकर फादर सेबिओ मेनेजिस डिगामा, जो पास में ही थे, पानी में कूद पड़े और बच्चों को बचाने के लिए वीरतापूर्ण प्रयास करने लगे । परन्तु दुर्भाग्यवश बच्चों को बचाने से पूर्व वह स्वयं डूब गए ।

2. फादर सेबिओ मेनेजिस डि गामा ने अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा की परवाह किए बिना तीन बच्चों की जान बचाने के प्रयास में, अपनी स्वयं की जान की परवाह न करते हुए अनुकरणीय साहस का परिचय दिया और ऐसा करते हुए उन्होंने अपने जीवन का सर्वोच्च बलिदान दे दिया ।

3. श्री शेर सिंह,
सुपुत्र श्री राजाराम,
ग्राम भूड़ माजरा,
तहसील छछरौली,
जिला यमुना नगर,
हरियाणा ।

4-6-1994 को प्रातः 6 बजे ग्राम भूड़ माजरा के श्री बलदेव सिंह की लकड़ी और सरकंडों से बनी झोंपड़ी में अचानक आग लग गई । परिवार के सदस्य झोंपड़ी से बाहर भागे, परन्तु घबराहट में गलती से झोंपड़ी को बाहर से बंद कर दिया । बाद में, उन्हें याद आया कि उनका 5-6 वर्ष का बच्चा झोंपड़ी में ही रह गया है और झोंपड़ी में तो आग लगी हुई थी । उस अभागे बच्चे को बचाने के लिए जलती हुई झोंपड़ी में घुसने का साहस कोई भी नहीं जुटा पाया । यह देखकर उसी गांव के श्री शेर सिंह ने अनुकरणीय साहस का परिचय देते हुए झोंपड़ी की गारे की दीवार में सुराख किया और स्वयं को गीले कपड़े में लपेट कर वह झोंपड़ी में घुस गया तथा बेहोश बच्चे को उठाकर सुराख से बाहर धकेल दिया । बाद में, गांव वालों की मदद से सुराख को चौड़ा कर श्री शेर सिंह झोंपड़ी से बाहर निकल आने में सफल हुए ।

2. श्री शेर सिंह ने अपनी जान को जोखिम की परवाह न करते हुए आग में फंसे बच्चे की जान बचाने में अदम्य साहस और तत्परता का परिचय दिया ।

4. श्री गोपाल सिंह,
सुपुत्र श्री स्वाला नन्द,
निवासी अंधा, डाकघर कोट
तहसील चारगांव,
जिला शिमला,
हिमाचल प्रदेश ।

12-8-1994 को शाम को मास्टर संजीव कुमार, पुत्र श्री रौशन लाल अचानक आन्ध्रा नदी में गिर पड़ा और डूबने लगा। घटना स्थल पर नदी की चौड़ाई 20 फुट थी और पानी की गहराई 10 फुट थी। घटना के समय पानी 40 कि. मी./घंटा की रफ्तार से बह रहा था। यह देखकर राजकीय हाई स्कूल, आंध्रा का 8वीं कक्षा का विद्यार्थी, श्री गोपाल सिंह नदी में कूद पड़ा और संजीव कुमार की जान बचाने में सफल रहा।

2. इस प्रकार श्री गोपाल सिंह ने अपनी जान को जोखिम की परवाह न करते हुए एक लड़के की जान बचाने में अदम्य साहस और तत्परता का परिचय दिया।

5. श्री सुभाष चन्द्र तेग्ता,
सुपुत्र श्री हरदयाल तेग्ता,
निवासी करसा (मैह और ली),
तहसील रोहरू, जिला शिमला,
हिमाचल प्रदेश।

13-9-1994 को शाम 5.00 बजे अपने स्कूल से घर लौट रही कुमारी रीना, एक हैंगिंग पुल से नदी पार करते हुए अचानक पत्थर नदी में गिर पड़ी। उस समय नदी में बाढ़ आई हुई थी। वहां मौजूद अन्य लड़कियों और व्यक्तियों ने सहायता के लिए चीखना-चिल्लाना शुरू कर दिया। स्कूल से लौट रहे 10+1 के विद्यार्थी, श्री सुभाष तेग्ता ने यह विकट स्थिति देखी और समय गंवाए बिना तत्काल नदी में कूद गए। इस दौरान, नदी के पानी के तेज बहाव के कारण वह लड़की लगभग 400 मीटर दूर बह गई थी। श्री तेग्ता को संघर्ष तो करना पड़ा परन्तु वह उस लड़की की जान बचाने में सफल हुए और उसे सुरक्षित बाहर निकाल लाए।

2. श्री सुभाष चन्द्र तेग्ता ने अपनी जान को जोखिम की परवाह किए बिना डूबती हुई लड़की की जान बचाने में अदम्य साहस और मुस्तैदी का परिचय दिया।

6. श्री चेतन कुमार भंडारी, (मरणोपरांत)
सुपुत्र श्री जगदीश भंडारी,
अक्षत, पुरानी मारगुडी रोड,
सूरतकल, इडिया ग्राम,
मंगलौर तालुका,
दक्षिण कन्नड़ जिला,
कर्नाटक।

9-7-1994 को प्रातः 7.30 बजे श्री चेतन कुमार भंडारी अपने मित्र श्री सुनील के साथ मंगलौर तालुका के सूरतकल के पास "कल्पने" जलाशय में तैरने गए। 70 मीटर रेडिअस वाले इस जलाशय में पानी 60-70 फुट गहरा था। तैरते हुए श्री सुनील नियंत्रण खो बैठे और डूबने लगे। यह देखकर, श्री चेतन कुमार भंडारी अपनी सुरक्षा की परवाह किए बिना जलाशय में कूद गए और श्री सुनील की जान बचाने में सफल हो गए। तथापि, ऐसा करते हुए, दुर्भाग्यवश श्री भंडारी स्वयं गहरे पानी में फंस गए और डूब गए।

2. श्री चेतन कुमार भंडारी ने, अपनी जान को जोखिम में डालकर अपने मित्र की जान बचाने में अदम्य साहस और तत्परता का परिचय दिया।

7. श्री ग्रेशियस संरोकी होर्ता,
डाक कोसारकोड तालुका,
होन्नावर जिला,
उत्तर कन्नड़,
कर्नाटक।

14-10-1993 को प्रातः 11.00 बजे अपसराकोंडा ग्राम, होन्नावर तालुका, उ. क. जिला निवासी श्रीमती देवी कन्या गौण्डा (37 वर्ष), कुमारी गीता गनपय्या गौड़ा (11 वर्ष) और कुमारी गनपी हनुमन्त गौड़ा (10 वर्ष) नीले पत्थरों के टुकड़े इकट्ठे करने अरब सागर के तट पर गईं। तेज लहरों के कारण समुद्र का पानी उन्हें बहा ले गया और वे समुद्र के किनारे से 80-100 मीटर दूरी पर 12-15 फुट गहरे पानी में डूबने लगीं। उनकी दशा देखकर श्री ग्रेशियस संरोकी होर्ता और उनके साथी श्री थामस टाम होर्ता उनकी सहायता के लिए दौड़े आए और उनकी जान बचा ली।

2 श्री ग्रेशियस संरोकी होर्ता ने श्री थामस टाम होर्ता के साथ अपनी जान को जोखिम की परवाह किए बिना समुद्र में डूबने से तीन व्यक्तियों की जान बचाने में अदम्य साहस और तत्परता का परिचय दिया।

8. श्री थामस टाम होर्ता,
डाक-कसारकोड तालुक,
होन्नावर जिला,
उत्तर कन्नड़,
कर्नाटक।

14-10-1993 को प्रात. 11.00 बजे अपसराकोंडा ग्राम, होन्नावर तालुका, उ. क. जिला निवासी श्रीमती देवी कन्या गौण्डा (37 वर्ष), कुमारी गीता गनपय्या गौड़ा (11 वर्ष) और कुमारी गनपी हनुमन्त गौड़ा (10 वर्ष) नीले पत्थरों के टुकड़े इकट्ठे करने अरब सागर के तट पर गईं। तेज लहरों के कारण समुद्र का पानी उन्हें बहा ले गया और वे समुद्र के किनारे से 80-100 मीटर दूरी पर 12-15 फुट गहरे पानी में डूबने लगीं। उनकी दशा देखकर श्री थामस टाम होर्ता और उनके साथी श्री ग्रेशियस संरोकी होर्ता उनकी सहायता के लिए दौड़े आए और उनकी जान बचा ली।

2. श्री थामस टाम होर्ता ने श्री ग्रेशियस संरोकी होर्ता के साथ, अपनी जान को जोखिम की परवाह किए बिना समुद्र में डूबने से तीन व्यक्तियों की जान बचाने में अदम्य साहस और तत्परता का परिचय दिया।

9. कुमार रामन्ना उड़चप्पा होसूर,
कदमपुर, मुन्डारगी तालुक,
धारवाड़ जिला,
कर्नाटक ।

17-2-1994 को लगभग दोपहर 2 बजे गवर्नमेंट हायर प्राईमरी स्कूल, कदमपुर, मुन्डारगी तालुक का एक विद्यार्थी, कुमार बासवराज (12 वर्ष) पानी पीने के लिए पास के कुंए पर गया । खुले कुंए से पानी पीने के बाद अपना टिफिन धोते समय कुमार बासवराज अचानक फिसल गया और कुंए में जा गिरा । घटना के समय कुंए में पानी 15 फुट गहरा था । यह देखकर उसी के स्कूल का 8 वीं कक्षा का छात्र, कुमार रामन्ना उड़चप्पा होसूर अपनी सुरक्षा की परवाह किए बिना कुंए में कूद पड़ा और उस असहाय लड़के को बचा लिया ।

2. अपनी कम उम्र के बावजूद, कुमार रामन्ना उड़चप्पा होसूर ने अपनी जान को गंभीर जोखिम की परवाह किए बिना कुंए में डूबने से एक बालक की जान बचाने में अदम्य साहस और तत्परता का परिचय दिया ।

10. श्री ए. जार्ज,
पुत्र श्री एलेक्जेन्डर,
पुल्लिविलाकम वीडू,
नाडाथारा, डाकघर-पूथुरा,
तिरुवनन्तपुरम, केरल ।

8-11-1994 को एक मछली पकड़ने वाली नौका "देवमाथ" जिसमें 5 व्यक्ति सवार थे, चेट्टुवा, चेमचुवाड अलीमुघम में समुद्र में मौसम खराब होने के कारण किनारे से 200 मी. की दूरी पर उलट गई । उस जगह पानी 15 मी. गहरा था और समुद्र बहुत अशांत था । दो व्यक्तियों की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गयी और शेष व्यक्तियों ने, जो डूब रहे थे, सहायता के लिए चीख-पुकार की । यह देखकर मछली पकड़ने वाली एक अन्य नौका "मजीरा" के एक कर्मचारी श्री ए. जार्ज ने समुद्र में छलांग लगा दी और अपने साथियों द्वारा फेंकी गई एक रस्सी की सहायता से दो व्यक्तियों को अपनी नौका की तरफ खींच लिया और उन्हें सुरक्षित बचा लिया ।

2. श्री ए. जार्ज ने अपनी जान को जोखिम की परवाह किए बिना समुद्र में डूबने से दो व्यक्तियों की जान बचाने में अदम्य साहस और तत्परता का परिचय दिया ।

11. श्री इस्माइल,
पुत्र श्री कासिम,
इंचाक्कट्टू हाउस, ईलमदेशम डाकघर,
कोलिनाट्टम गांव, तोडुपुझा तालुक,
केरल ।

29-7-94 को ईलमदेशम कब्रिस्तान के ऊपर से होकर गुजरने वाली तीन इलैक्ट्रिक लाइन टूट गई और तोडुपुझा कोलिचल रोड के जंक्शन पर गिर गई । मास्टर सुनील (15 वर्ष) ने यह सोचकर तार हटाने की कोशिश की कि उसमें करंट नहीं होगा । जैसे ही उसने तार को छुआ उसको बिजली का झटका लगा और वह तारों में उलझ गया । इस स्थिति में श्री इस्माइल जो उस बस में सवार थे जिसके यात्रियों ने उस लड़के को जीवन के लिए संघर्ष करते देखा था और बस वहीं रुक गई थी, सहायता के लिए दौड़े आए । उन्होंने अपनी जान की परवाह किए बिना अपनी धोती निकाल कर उसके हाथों में लपेट दी और उसे बिजली के तार से बाहर खींच लिया । इस प्रकार, उन्होंने करण्ट लग जाने से लड़के की जान बचा ली ।

2. श्री इस्माइल ने अपनी जान को गंभीर जोखिम की परवाह किए बिना मास्टर सुनील की जान बचाने में अदम्य साहस और तत्परता का परिचय दिया ।

12. कुमारी एस. शान्ता कुमारी,
पुलीचयल पडक्कुमकरा, वीडू, अम्बूरी,
अम्बूरी गांव, नयालिनकरा तालुक,
केरल ।

12-7-94 को सेंट थामस हाई स्कूल अम्बूरी की कुमारी शान्ताकुमारी कानी जनजाति की अन्य सात छात्राओं के साथ एक पुरानी देसी नाव में नायर बांध पार कर रही थी । बीच रास्ते में नौका उलट गई और नाव में बैठे व्यक्ति डूबने लगे । पास के जंगल की लोग बांध के किनारे पर इकट्ठे हो गए लेकिन कोई भी डूबते बच्चे को बचाने के लिए आगे नहीं आया । यह देखकर कुमारी शान्ताकुमारी हरकत में आई और उसने मगरमच्छों के कारण अपनी जान को जोखिम की परवाह किए बिना एक और व्यक्ति की सहायता से तीन बच्चों की जान बचा ली ।

2. अपनी कम उम्र के बावजूद, कुमारी एस. शान्ताकुमारी ने अपनी जान को गंभीर जोखिम की परवाह किए बिना डूबते हुए तीन बच्चों की जान बचाने में अदम्य साहस और तत्परता का परिचय दिया ।

13. कुमारी सुनीता,
पुत्री राधाकृष्ण पिल्ले,
निलिकाविल हाउस, संगाम कोन्नी डाकखाना,
कोझेनचेरी तालुक,
केरल ।

18-8-94 को सुबह 9.30 बजे कोन्नी निवासी श्रीमती मणियम्मा अजेनकोइल नदी में कपड़े धोते समय अचानक पानी में फिसल गयी और भंवर में फंस गई । नदी किनारे खड़ी दूसरी महिलाओं ने शोर मचाकर नदी के दूसरी तरफ के मजदूरों को सहायता के लिए बुलाया । यह देखकर कुमारी सुनीता, जो नदी के किनारे नहा रही थी, पानी में कूद पड़ी और उसने श्रीमती मणियम्मा को बचा लिया ।

2. कुमारी सुनीता ने अपनी जान की गंभीर जोखिम की परवाह किए बिना एक डूबती हुई महिला की जान बचाने में अदम्य साहस और तत्परता का परिचय दिया।

14. कुमारी टीना जोसेफ,
कय्यलकल किआकुपुरम,
मलयालापुझा पथनमथिट्टा जिला,
केरल।

6-9-1994 को एन. एस. एस. यू. पी. स्कूल मलयालापुझा के पांचवीं कक्षा का छात्र मास्टर मीनु मोहन स्कूल के पास वाले कुएं से पानी खींचते समय अचानक कुएं में गिर पड़ा। कुएं के पास खड़े उसके मित्रों ने चीख-पुकार की। परन्तु कोई भी असहाय बालक को बचाने की हिम्मत नहीं जुटा सका। उनकी चीख-पुकार सुनकर उसी स्कूल की पांचवीं कक्षा की छात्रा, कुमारी टीना जोसेफ बालक को बचाने के लिए आगे आयी। लेकिन, बालक को बचाने के प्रयास में वह फिसल गई और कुएं में गिर पड़ी, लेकिन उसने अपनी सूझ-बूझ नहीं गंवाई और दूसरे छात्रों की मदद से बच्चे को कुएं से सुरक्षित बाहर निकाल लिया।

2. अपनी कम उम्र के बावजूद, कुमारी टीना ने अपनी जान को गंभीर जोखिम की परवाह किए बिना कुएं में डूबते हुए बालक की जान बचाने में अदम्य साहस और तत्परता का परिचय दिया।

15. श्री रामदीन चरवा,
गांव कुपा विकास, खाड अंड़ागी,
जिला सरगुजा, मध्य प्रदेश।

8-4-94 को नाव चालक समेत 7 व्यक्ति एक देसी नाव में कुपा घाट से रेन नदी को पार कर रहे थे। अचानक नाव भंवर में फंस गई और उलट गई। श्री रामदीन चरवा नदी के दूसरे किनारे पर खड़े थे जो घटना स्थल से लगभग 100 मीटर की दूरी पर था। यह देखकर वह नदी में कूद पड़े और एक-एक करके सभी 7 व्यक्तियों को बचाने में सफल हुए।

2. श्री रामदीन चरवा ने अपनी जान की जोखिम की परवाह किए बिना, नदी में डूबने से सात व्यक्तियों की जान बचाने में अदम्य साहस और तत्परता का परिचय दिया।

16. श्री राजेन्द्र उकण्डराव गोहड़ (मरणोपरान्त)
रामजीबाबा नगर,
मोरशी, जिला अमरावती,
महाराष्ट्र।

14/15 अप्रैल, 1994 की रात को लगभग 2.30 बजे गोली-बारूद तथा अन्य घातक हथियारों से लैस कुछ कुख्यात डाकू मोरशी बस्ती के रामजीबाबा नगर में स्थित श्री देवीदास मामकर के घर में घुस आए। डाकुओं ने अंधाधुंध गोली चलायी जिसके परिणाम स्वरूप श्री मामकर तथा उनकी पत्नी की मौत हो गयी और अन्य घरवालों को गंभीर चोटें आईं। डाकुओं ने 71,000/- रुपए की सम्पत्ति लूट ली जिसमें सोने के जेवरात तथा नकदी भी शामिल है। श्री उकण्डराव गोहड़ जो उनके पड़ोसी थे और अपने घर के बाहर सो रहे थे, शोर को सुनकर जाग उठे और उन डाकुओं का पीछा किया जो लूट का माल लेकर घर से बाहर आ रहे थे। उन्होंने अपनी लाठी से प्रहार करके एक डाकू को पकड़ने का प्रयास किया। डाकुओं ने श्री गोहड़ को उन्हें पकड़ने से रोकने के लिए गोली चला दी। श्री गोहड़ को गोली की चोट लगी जो घातक सिद्ध हुई और उनकी तत्काल घटनास्थल पर ही मौत हो गई।

2. श्री राजेन्द्र उकण्डराव गोहड़ ने डाकुओं को पकड़ने के प्रयास में अदम्य साहस का परिचय दिया। तथापि, ऐसा करते हुए, उन्होंने अपने जीवन का सर्वोच्च बलिदान दे दिया।

17. कुमारी मनभलंग सुचेन,
गांव बिशप फाल्स रोड,
लाअर माप्रेम, शिलांग,
मेघालय।

28-8-1995 को कुमारी मनभलंग सुचेन अपनी सात सहयोगियों के साथ उमशिरपी नदी, जिसके जलग्रहण क्षेत्र में भारी वर्षा के कारण बाढ़ आई हुई थी, के ऊबड़ खाबड़ तथा चट्टानी तट पर कपड़े धो रही थी। अचानक फिर तेजी से बाढ़ आ गई और संकरी नदी में जल का स्तर बढ़कर सामान्य से 10 फुट ऊंचा हो गया। कपड़े धो रहे लोग तेज धारा में बह गए। तथापि, सौभाग्यवश कुमारी सुचेन नदी के तट की ओर धकेल दी गई। पानी से बाहर आने पर उसने देखा कि कपड़े धो रहे लोगों के ग्रुप में से 3 लोग जिनमें उसका भाई भी शामिल था, तेज धारा के प्रवाह में बह चले थे। उसने फौरन नदी में छलांग लगा दी और एक गर्भवती महिला, श्रीमती जतेला सूपाडा को खींचकर सुरक्षित बाहर ले आयी। लेकिन, वह अपने भाई व एक अन्य लड़की को बचाने में कामयाब नहीं हो सकी। बाद में उनके शव बरामद हो गए।

2. कुमारी मनभलंग सुचेन ने अपनी जान की गंभीर जोखिम की परवाह न करते हुए एक गर्भवती महिला की जान बचाने में अदम्य साहस और तत्परता का परिचय दिया।

18. श्रीमती ललचावनी,
पत्नी पु. जमिगलियाना,
डर्टलांग बेंग्थर, मिजोरम-796025.

4-1-1995 को लगभग प्रातः 11.00 बजे डर्टलांग बेंग्थर के पु. ललबिअकलियाना के घर में लगी आग ने पूरे घर को अपनी चपेट में ले लिया। पु. ललबिअकलियाना की पुत्री ने, जो पास के ही एक स्टाल में खड़ी थी, आग को देख लिया और सहायता के लिए चीखी-चिल्लाई। उसकी चीख-पुकार सुनकर उनके पड़ोस की श्रीमती ललचावनी सहायता के लिए दौड़ी आई।

मुख्य द्वार पर पहले ही आग लगी देखकर वह एक खिड़की के रास्ते जलते हुए मकान में घुस गई । धुएं और लपटों के बीच, वह घर में पड़ी 83 वर्षीय अपंग वृद्धा, श्रीमती बीलानेनी को बाहर निकाल लाई ।

2. श्रीमती ललथावनी ने अपनी जान की भारी जोखिम में डालकर एक निःसहाय महिला की जान बचाने में अनुकरणीय साहस और तत्परता का परिचय दिया ।

19. श्री बिक्रम साहू,
गांव तथा डाकघर तिकाड़पाड़ा,
जिला अंगुल, उड़ीसा ।

25-12-1992 को यूनाइटिड कमर्शियल बैंक की सम्बलपुर शाखा का स्टाफ अपने परिवार के सदस्यों के साथ तिकाड़पाड़ा में पिकनिक पर गया था । जबकि उनमें से कुछ लोग खाना तैयार करने में व्यस्त थे, बच्चों और महिलाओं सहित कुछ व्यक्ति मगरमच्छों को देखने के लिए एक देसी नाव में बैठकर महानदी में तिकाड़पाड़ा के नौका घाट की ओर गए । नाव पुरानी थी और ज्यादा भीड़भाड़ होने के कारण दबाव को सहन नहीं कर सकी, अतः टूटकर किनारे से दूर लगभग 300 मीटर के फासले पर नदी में डूब गयी । उस दुर्घटनाग्रस्त नाव में सवार सभी यात्री किनारे तक पहुंचने के लिए जूझने लगे, लेकिन उनमें से अधिकांश तैरना नहीं जानते थे । लोग किनारे के पास जमा हो गए और निस्सहाय होकर इस दुर्घटना को देखते रह गए और उनमें से कोई एक भी सहायता के लिए आगे नहीं आया । यह देखकर श्री बिक्रम साहू ने, जो वहां खड़े थे, नदी में छलांग लगादी और बचाव कार्रवाई शुरू कर दी । तभी और लोग भी इस बचाव अभियान में शामिल हो गए । अपने इस वीरतापूर्ण कार्य से श्री साहू अन्य लोगों की सहायता से 22 व्यक्तियों को डूबने से बचाने में सफल हुए ।

2. श्री बिक्रम साहू ने अपनी जान को जोखिम की परवाह किए बिना 22 लोगों की जान बचाने में अदम्य साहस और तत्परता का परिचय दिया ।

20. श्री सुभाष चन्द्र बेहेरा,
उर्फ बाज बेहेरा, गांव धनमण्डल,
डाकघर सैला बाड़बिल, थाना गोविन्दपुर,
जिला कटक, उड़ीसा ।

20-8-1992 को देवी-कोआल नदी में आयी बाढ़ के कारण खेरासा गांव के निकट स्थित पश्चिमी दिशा का बांध बह गया था । बाढ़ से भयभीत होकर गोविन्दपुर थाना क्षेत्र के 14 गांवों, जो निकट ही स्थित हैं, के कुछ निवासी अपने परिवारजनों और मवेशियों के साथ नदी की बांध पर शरण लेने के लिए जमा हो गए थे । बाढ़ के पानी के कारण पहले स्थान से 50 गज दूर स्थित बांध के एक अन्य हिस्से को भी क्षति पहुंची जिसके परिणामस्वरूप ग्रामवासी बांध के एक छोटे से क्षेत्र में फंस गए थे । पानी की तेज धारा में धीरे-धीरे बांध के उसी क्षेत्र को क्षतिग्रस्त कर दिया जहां ग्रामवासी इकट्ठा हुए थे । इसके परिणामस्वरूप, वहां अपनी हिफाजत के लिए इकट्ठा हुए लोगों तथा मवेशियों की जान को खतरा उत्पन्न हो गया था । इसी समय, धानमण्डल के एक नाविक, श्री सुभाष चन्द्र बेहेरा उर्फ बाज बेहेरा ने अपनी सुरक्षा की परवाह न करते हुए अपनी छोटी नाव में बांध के क्षतिग्रस्त हिस्से के दूसरी तरफ पहुंच कर ग्रामीणों को सकुशल बचा लिया । बांध के इस हिस्से से लोगों को बाहर निकालने का कार्य पूरा होने के कुछ मिनटों के अन्दर ही यह हिस्सा बाढ़ के पानी में बह गया । इसके बाद, श्री बेहेरा ने एक भवन, जो धीरे-धीरे बाढ़ के पानी में डूब गया था, के ऊपर से की गई सहायता की गुहार पर ध्यान दिया । अपनी नाव में सवार होकर श्री बेहेरा विपरीत धारा से संघर्ष करते हुए उस भवन तक पहुंचे तथा वहां रहने वाले लोगों को भवन के गिरने के तुरंत पहले बचा लाने में सफल हुए ।

2. श्री सुभाष चन्द्र बेहेरा उर्फ बाज बेहेरा ने अपनी जान को उत्पन्न गंभीर खतरे की परवाह न करते हुए बाढ़ के प्रकोप से अनेक ग्रामवासियों के जीवन की रक्षा कर अनुकरणीय साहस एवं मानव जीवन के प्रति सम्मान का परिचय दिया ।

21. श्री चन्द्र प्रकाश मेहरवाल, (जीवन रक्षा पदक की और)
वार्ड सं. 10, गोपालपुरा,
रेलवे कालोनी, सवाई माधोपुर,
राजस्थान ।

श्री कन्हैया लाल बेरवा की पुत्रियां, कुमारी गुड्डी (7 वर्ष), कुमारी मीना (5 वर्ष) तथा कुमारी मीरा (2 वर्ष) 31-3-1994 को अपने घर में अपनी मां की अनुपस्थिति में खेल रही थीं । सीढ़ियों के निकट स्थित बुखारी से खिलौनों की तलाश में कुमारी मीना वहां अपने हाथों में लैम्प लेकर गई थी । बुखारी में रखे पुराने और बेकार टायरों तथा लकड़ियों को दुर्घटनावश लैम्प की लौ से आग लग गई । आग और गर्मी से डर कर कुमारी मीना लैम्प लेकर वापस अपने कमरे में आ गई और अपनी बहनों के साथ फिर से खेलना शुरू कर दिया । इस बीच, बुखारी में लगी आग फैलने लगी । पड़ोसियों ने सोचा कि शायद अनाज भूने जा रहे हैं । तब इन बच्चियों की मां, श्रीमती छोटी बाई घर वापस लौटी तो अपने मकान की छत पर आग को देखकर डर गई । उसने दरवाजे पर दस्तक दी तो अन्दर से बंद था । खतरे को भांपते हुए उसने मदद के लिए शोर मचाया । उनकी चीख-पुकार सुनकर उनके एक पड़ोसी, श्री चन्द्र प्रकाश मेहरवाल अपने घर की छत से होते हुए उस स्थान पर पहुंचे जहां आग लगी थी और इसके बाद फिर उस कमरे में पहुंचे जहां बच्चियां फंसी हुई थीं । मुख्य दरवाजे को खोलकर वह सभी बच्चियों को सकुशल बाहर निकाल लाए । बाद में जल-पात्रों को उठाकर उन्होंने आग बुझाने का प्रयास किया । उस समय एक अन्य पड़ोसी भी आग बुझाने के कार्य में उनके साथ जुट गए थे । आग के कारण छत की सीलिंग गर्म हो गई थी और अधिक ताप होने पर सीलिंग नीचे गिर सकती थी और बच्चियों की जान खतरे में पड़ गयी होती ।

2. श्री चन्द्र प्रकाश मेहरवाल ने अपनी जान को उत्पन्न खतरे की परवाह न करते हुए तीन बच्चियों की जान बचाने में अदम्य साहस तथा तत्परता का परिचय दिया ।

3. श्री चन्द्र प्रकाश मेहरवाल को इसके पूर्व 1989 में जीवन रक्षा पदक प्रदान किया गया था ।

22. श्री नरेन्द्र कुमार जैन (मरणोपरांत)
प्लाट नं. 126, शिवगंज कालोनी,
जिला एटा,
उत्तर प्रदेश ।

31.3.1994 को लगभग दोपहर 2.00 बजे श्री नरेन्द्र कुमार जैन आगरा जाने के लिए कोटा-आगरा पैसेंजर ट्रेन का महावीरजी रेलवे स्टेशन पर इंतजार कर रहे थे । गलती से वे अपने बच्चों के साथ 4005 डाउन ट्रेन में सवार हो गए जो इंदौर और निजामुद्दीन के बीच चलती है । अन्य यात्रियों ने भी यही किया । यह पता चलने पर कि उक्त ट्रेन निजामुद्दीन जा रही है, ये सभी लोग अपने-अपने सामान के साथ डिब्बे से उतरने लगे । इसी बीच ट्रेन चल पड़ी । जब श्री नरेन्द्र कुमार जैन को यह पता चला कि उनके एक सह-यात्री की 9 वर्षीय पुत्री ट्रेन में ही रह गई है तो वे ट्रेन में सवार हो गए और बच्ची को उठाकर चलती ट्रेन से कूद पड़े । लेकिन, दुर्भाग्यवश वे पटरी पर गिर पड़े और ट्रेन से कुचले जाने के कारण अपने प्राण गंवा बैठे ।

2. श्री नरेन्द्र कुमार जैन ने एक बच्ची जो भयवश चलती ट्रेन से कूद पड़ती, की जान बचाने में अदम्य साहस तथा तत्परता का परिचय दिया, लेकिन इस प्रयास में उन्होंने अपने प्राणों की आहुति दे दी ।

23. श्री परबत सिंह सोलंकी,
पुत्र श्री पूनम सिंह,
ग्राम चामरड़िया,
तहसील सोजात, जिला पाली,
राजस्थान ।

1-11-1994 को 7.30 बजे प्रातः एक महिला 4-5 माह के दुधमुंहे बच्चे को गोद में लेकर लोखंडिया बावड़ी में कूद पड़ी थी । 39 फीट गहरी इस बावड़ी में उस समय 27 फुट गहरा पानी भरा था । सहायता के लिए चीख-पुकार सुनकर, लोखंडिया बावड़ी में स्नान कर रहे श्री परबत सिंह घटनास्थल की ओर दौड़े तथा अपनी सुरक्षा की परवाह न करते हुए पानी में कूद पड़े । हालांकि, श्री परबत सिंह तैराकी में दक्ष नहीं थे, फिर भी वह बच्चे की जान बचाने में सफल हो गए, लेकिन महिला की जान नहीं बचा सके ।

2. श्री परबत सिंह ने अपनी जान को उत्पन्न खतरे की परवाह न करते हुए एक बच्चे की जान बचाने में अदम्य साहस एवं तत्परता का परिचय दिया ।

24. श्री उदय राम,
पुत्र श्री मोटा राम,
चौकीदार, जैतपुर, पाली जिला,
राजस्थान ।

27-7-1995 को रात के लगभग 9.00 बजे बाढ़ नियंत्रण कक्ष में यह सूचना मिली कि गढ़वाड़ से जैतपुर आ रहा एक टैंकर पुल पार करते समय बांडी नदी में गिर गया । यह टैंकर नदी के तेज बहाव में 300-350 मीटर बह गया था और इसमें सवार 3 व्यक्ति शरण के लिए टैंकर के ऊपर चढ़ गए थे। जिला कलेक्टर के साथ एक बचाव दल घटनास्थल की ओर गया और बचाव कार्य आरम्भ कर दिया । तैराक ने रस्सियों की मदद से फंसे हुए व्यक्तियों को बचाने के लिए अथक प्रयास किए लेकिन पानी के तेज बहाव और अंधेरी रात के कारण सफल नहीं हो सका। बचाव कार्य अगली सुबह तक के लिए स्थगित कर दिया गया । रोह के खंड विकास अधिकारी/नायब तहसीलदार और कुछ ग्रामवासी अस्थाई रोशनी में रात बिताने के लिए वहीं रूक गए और फंसे हुए व्यक्तियों का उत्साह बढ़ाते रहे और उन्हें बातों में लगाए रखा । अगली सुबह लगभग 6.00 बजे उन्होंने टैंकर की ओर रस्सी से बंधी हवा भरी ट्यूबें उनकी ओर तैराईं लेकिन नदी के तेज बहाव के कारण वहां उपस्थित व्यक्तियों में से कोई भी व्यक्ति पानी में घुसने का साहस नहीं जुटा पाया । इसे देखकर, श्री उदय राम ने, जो इस घटना को देखने के लिए वहां आए थे, अपनी जान की जोखिम की परवाह न करते हुए नदी में छलांग लगा दी, तैरकर टैंकर तक गए और फंसे व्यक्तियों को सकुशल बचाने में सफलता प्राप्त की ।

2. श्री उदय राम ने अपनी स्वयं की जान की जोखिम की परवाह न करते हुए तीन व्यक्तियों की जान बचाने में अनुकरणीय साहस और तत्परता का परिचय दिया ।

25. श्री भास्कर नन्द पाण्डेय,
न्यू-16, पंजाबीपुरा,
सन्ता सिंह वाली गली,
टेलीफोन एक्सचेंज के पीछे,
दिल्ली रोड, मेरठ,
उत्तर प्रदेश ।

10-6-1993 को डा. हरिराम आर्य इन्टर कालेज का एक छात्र श्री भास्कर नंद पाण्डेय अपने मित्र केशव पोखल के साथ स्नान के लिए हरिद्वार गया था । जब वे सप्तऋषि के निकट गंगा में स्नान कर रहे थे उसी समय जनपद रामपुर के श्री शैलेन्द्र सक्सेना तथा श्री देवी प्रसाद सक्सेना भी अपने परिवार की दो महिलाओं के साथ स्नान कर रहे थे । दुर्भाग्यवश, सक्सेना परिवार के चारों सदस्य गंगा के तेज बहाव में बह गए । घटनास्थल पर काफी भीड़ एकत्र हो गई लेकिन उन्हें बचाने के लिए नदी में

कूदने को कोई तैयार नहीं था । यह देखकर श्री भास्कर नंद पाण्डेय अपने मित्र केशव पोडल के साथ नदी में कूद पड़े, नदी के तेज बहाव से जूझते हुए डूब रहे सभी व्यक्तियों को सुरक्षित बाहर निकल लाए ।

2. श्री भास्कर नंद पाण्डेय ने अपनी जान की परवाह न करते हुए चार व्यक्तियों की जान बचाने में अनुकरणीय साहस और तत्परता का परिचय दिया ।

26. श्री केशव पोडल,
पुत्र श्री इन्द्र प्रसाद पोडल,
गांव धारबोकराई,
आजर गुड्डी, डाकघर रंग चकवा,
जिला सोनितपुर,
असम ।

10-6-1993 को गीता कुटीर संस्कृत विद्यालय के एक छात्र श्री केशव पोडल अपने मित्र श्री भास्कर नन्द पाण्डेय के साथ स्नान के लिए हरिद्वार गया था । जब वे सप्तऋषि के निकट गंगा में स्नान कर रहे थे उसी समय जनपद रामपुर के श्री शैलेन्द्र चन्द्र सक्सेना तथा श्री देवी प्रसाद सक्सेना अपने परिवार की दो महिलाओं के साथ स्नान कर रहे थे । दुर्घटनावश सक्सेना परिवार के चारों सदस्य गंगा में तेज बहाव में बह गए । घटनास्थल पर काफी भीड़ एकत्र हो गई । लेकिन उन्हें बचाने के लिए नदी में कूदने को कोई तैयार नहीं था । यह देखकर श्री केशव पोडल अपने मित्र श्री भास्कर नन्द पांडेय के साथ नदी में कूद पड़े, नदी की तेज बहाव से जूझते हुए डूब रहे सभी व्यक्तियों को सुरक्षित बाहर निकाल लाए ।

2. श्री केशव पोडल ने अपनी जान की परवाह न करते हुए चार व्यक्तियों की जान बचाने में अनुकरणीय साहस तथा तत्परता का परिचय दिया ।

27. मास्टर मन्टू मंडल,
पुत्र श्री बलाई मंडल,
गांव तारानगर,
डाकघर बड़ा तागी, थाना कालीगंज,
जी. पी. मटीयारी, जिला नादिया,
पश्चिम बंगाल ।

2-8-1994 को लगभग दोपहर 12 बजे मास्टर मन्टू कर्माकर और उसकी बहन अमिता कर्माकर अपने माता-पिता को बताए बिना भागीरथी नदी पर गए । दुर्घटनावश, मास्टर मन्टू कर्माकर नदी में गिर गया । यह देखकर कुमारी अमिता कर्माकर अपने भाई को बचाने के लिए नदी में कूद पड़ी । दोनों तैरना नहीं जानते थे और फौरन डूबने लगे । इसे देखकर मास्टर मन्टू मंडल, जो नौका पर सवारी कर रहा था, नदी में कूद पड़ा । उसने अमिता की बांह पकड़ ली और उसे सुरक्षित बाहर निकाल लाया ।

2. छोटी उम्र के होने के बावजूद मास्टर मन्टू मंडल ने अपनी जान की जोखिम की परवाह किए बिना एक लड़की की जान बचाने में अदम्य साहस और तत्परता का परिचय दिया ।

28. श्री दशरथ सरकार,
पुत्र श्री राजेश्वर सरकार,
ग्राम-हरिपुर,
डाकघर-हरिपुर छिटका, जिला नादिया,
(ब्लाक तेहट्टा-1)
पश्चिम बंगाल ।

8-6-1994 को लगभग शाम 4 बजे पश्चिम बंगाल के नादिया जिले के हरिपुर गांव में नये खोदे गए कुएं से जहरीली कार्बन मोनो आक्साइड गैस निकलने लगी । संजीव स्वर्णकार नामक एक लड़का जो कुएं में उतर गया था सांस के साथ जहरीली गैस अंदर जाने के कारण बेहोश होकर गिर पड़ा । कुएं के चारों ओर भारी भीड़ इकट्ठी हो गयी, लेकिन लड़के को मौत के मुंह से बचाने के लिए कुएं में उतरने का साहस किसी ने नहीं किया। इसे देखकर श्री दशरथ सरकार (29) एक रस्सी के सहारे कुएं में उतर गया । मुश्किल से वह श्री संजीव स्वर्णकार को रस्सी के साथ बांध ही पाया था कि जहरीली गैस से वह स्वयं बेहोश होकर गिर पड़ा । गांववालों ने, जो कुएं की तरफ खड़े थे और रस्सी का दूसरा छोर उनके हाथ में था, उन्हें सुरक्षित बाहर निकाल लिया । श्री सरकार तथा उस लड़के का इलाज किए जाने के बाद दोनों का होश आ गया ।

2. श्री दशरथ सरकार ने अपनी जान की जोखिम की परवाह न करते हुए, एक लड़के को निश्चित मौत से बचाने में अदम्य साहस और तत्परता का परिचय दिया ।

29. श्री दीपक लाल, (मरणोपरान्त)
पुत्र श्री भूप लाल,
साउथ पाइंट, मजार पहाड़,
पोर्ट ब्लेयर,
अण्डमान निकोबार ।

6-2-1995 की सुबह राजकीय माध्यमिक विद्यालय बाँदीगंज, पोर्ट ब्लेयर, के अध्यापक और छात्र सरस्वती पूजा समारोह के अंतिम भाग के रूप में देवी सरस्वती की प्रतिमा को एक ट्रक में लादकर मजार पहाड़ पर विसर्जन के लिए समुद्र के किनारे ले गए । समुद्र के किनारे पहुंचने के पश्चात उत्साही छात्र जयकारे लगाते हुए प्रतिमा को कन्धे पर उठाकर समुद्र के बीच ले गए । समुद्र में लहरें उठ रही थी । अनायास एक बड़ी लहर उठी और उन्हें बहाकर गहरे समुद्र में ले गई । इसके परिणामस्वरूप, चार छात्र डूबने लगे जबकि अन्य किस्मत से उथले पानी की वजह से बच गए । समुद्र के किनारे खड़े हुए के व्यक्तियों ने इस हादसे को देखकर शोर मचाया । सहायता के लिए उनकी पुकार सुनकर स्टेशनरी बेचने वाला एक छोटा दुकानदार, श्री दीपक लाल, जो समुद्र के किनारे के सामने सड़क के उस पार दुकान में अपनी चीजों को लगा रहा था, तुरन्त घटनास्थल पर

दौड़ा आया और अशान्त समुद्र में छलांग लगाकर एक-एक करके तीन लड़कों को बचा लिया। फिर वह चौथे लड़के को, जिसका नाम लक्ष्मन कोंडुला था, बचाने के लिए आगे बढ़ा जिसे पानी का प्रवाह दूर बहा ले गया था। दुर्भाग्यवश, इससे पहले कि वह अपना कार्य पूरा कर पाते एक विशाल लहर दीपक लाल को अपने साथ दूर बहा ले गयी और वह डूब गया। बाद में नौ सेना के गोताखोरों और राज्य तेल प्राधिकरण के स्पीड क्राफ्टों की मदद से श्री दीपक लाल और श्री लक्ष्मण कोन्डुला के शवों को बरामद कर लिया गया।

2. श्री दीपक लाल ने डूबने से तीन व्यक्तियों की जान बचाकर चौथे व्यक्ति की जान बचाने के प्रयास में अपने प्राणों की आहुति देकर अदम्य साहस और तत्परता का परिचय दिया।

30. 13749291 राइफलमैन बलदेव सिंह अत्री,
गांव और डाकघर-कोट,
तहसील : सरकाघाट,
जिला : मंडी,
हिमाचल प्रदेश।

25-8-1994 को रात 8.50 बजे श्री बलदेव सिंह अत्री ने, जो बनोट-स्थित जम्मू और कश्मीर राइफल्स की 19वीं बटालियन की मैकेनिकल ट्रांसपोर्ट प्लाटून में राइफलमैन हैं, अपने टैन्ट से बाहर आकर देखा कि यूनिट कैम्प क्षेत्र के अंदर स्थित पशु-पालन विभाग के भवन में आग लगी हुई है। वह तत्काल फंसे हुए लोगों और साज-सामान को बचाने के लिए भवन की ओर दौड़े गए। धुएं, ताप और धधकने से विचलित हुए बिना वह सबसे दूर वाले कमरे की तरफ गए, दरवाजा तोड़ डाला और पाया कि दो बच्चे और एक महिला मूर्छित अवस्था में आग के बीच पड़े हुए हैं। उन्होंने तत्काल महिला को उठाया और उसे सुरक्षित बाहर निकाला। इस प्रक्रिया में उनकी बांहें गंभीर रूप से जल गईं। दर्द की परवाह किए बिना उन्होंने दोनों बच्चों को बचाने के लिए फिर से साहसिक प्रयास किया। इस दौरान आग ज्यादा भड़क उठी थी जिसकी वजह से सहायता कार्य और कठिन हो गया। फिर भी, उन्होंने यह कार्य किया और इस प्रक्रिया के दौरान उनकी पीठ, छाती और हाथों पर जलने से घाव हो गए। बाद में दमकलों की सहायता से आग पर काबू पा लिया गया।

2. राइफलमैन बलदेव सिंह अत्री ने आग में फंसे तीन व्यक्तियों को जलकर मौत होने से जान बचाने में उच्च कोटि की कर्त्तव्यनिष्ठा, दृढ़-निश्चय और साहस का परिचय दिया।

31. सेकेण्ड लैफ्टिनेन्ट राजेश सिंह अधिकारी,
(आई. सी.-52574),
गांव-हरी नगर,
डाकघर एवं तहसील-हल्द्वानी,
जिला-नैनीताल,
उत्तर प्रदेश।

18.8.1994 को लगभग शाम 6.00 बजे सेकेण्ड लैफ्टिनेन्ट राजेश सिंह अधिकारी "असाल्ट यूनिवर्सल" नामक नाव में इन्दिरा गांधी नहर में सैर कर रहे थे। नाव में ओ. बी. एम. लगा था और उसमें छह बच्चों सहित 13 व्यक्ति सवार थे। जब नाव तीव्र धारा में बर्डवाल ब्रिज के पूर्व में 5 कि. मी. की दूरी पर थी, तब नाव उलट गई जिससे उसमें सवार व्यक्तियों की जान को खतरा पैदा हो गया। सैकेण्ड लैफ्टिनेन्ट राजेश सिंह अधिकारी पहले व्यक्ति थे जो पानी की सतह पर ऊपर आए। उन्होंने तत्काल बचाव कार्य शुरू किया। तुरन्त ही उन्होंने एक वयस्क और दो बच्चों को उल्टी हुई उस नाव के ऊपर चढ़ा दिया। तत्पश्चात्, एक महिला को देखते ही, जो सहायता के लिए पुकार रही थी, वह तब तक उसे बचाने के प्रयास में लगे रहे जब तक कि एक अन्य व्यक्ति ने उसे बचा नहीं लिया। इसी दौरान उन्होंने करीब 75 गज दूर बहाव के रुख की ओर एक महिला का हाथ अदृश्य होते देखा। वह तैर कर उस जगह गए और उसे बचाने के साहसिक प्रयास में लग गए। किन्तु, वे उसे बचा नहीं सके और इस प्रक्रिया में स्वयं बहुत अधिक थक चुके थे। पानी से बाहर आने पर उन्होंने देखा कि उल्टी हुई नाव उन तीन व्यक्तियों के वजन से डूब रही थी जिन्हें उन्होंने बचाया था। वह पुनः हरकत में आए और एक बच्चे को किनारे पर ले आए। दूसरे बच्चे को उल्टी हुई नाव पर न पाकर उन्होंने नाव के नीचे की ओर गोता लगाया और दूसरे लोगों की सहायता से फंसे हुए बच्चे को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। इस तरह सेकेण्ड लैफ्टिनेन्ट राजेश सिंह अधिकारी ने अपनी जान की जोखिम की परवाह न करते हुए चार व्यक्तियों की जान बचाई और दो अन्य को डूबने से बचाने का प्रयास किया।

2. सेकेण्ड लैफ्टिनेन्ट राजेश सिंह अधिकारी ने अपनी सुरक्षा की जरा भी परवाह न करते हुए 4 व्यक्तियों की जान बचाने में उच्च कोटि की कर्त्तव्य-निष्ठा, दृढ़-निश्चय और साहस का परिचय दिया।

32. 1478115, सापर जगमोहन लाल,
माधपुरा गांव, करासन डाकघर,
नारायणगढ़ तहसील,
अम्बाला जिला,
हरियाणा।

17-9-93 को फील्ड इंजीनियरिंग सेक्शन इंडियन मिलिटरी अकादमी, देहरादून, में तैनात सापर जगमोहन लाल (सं. 1478115) ने एक्स पर्वत रक्षा से आई. एम. ए. लौटते समय गुच्छूपानी पर तेजी से बहती धारा के समीप एकत्र हुई भारी भीड़ को देखा। भीड़ धारा के तेज प्रवाह के साथ बहती चली जा रही लगभग 28 वर्ष की एक महिला पर्यटक को देख रही थी। यह देखकर सापर जगमोहन लाल घटनास्थल की ओर दौड़े, धारा के प्रबल प्रवाह में कूद पड़े और उस महिला को डूबने से बचाने में सफल रहे। इस प्रक्रिया में सापर जगमोहन लाल को चोटें आयीं क्योंकि धारा का प्रबल वेग उसे लगभग 200 मीटर तक बहाकर ले गया था।

2. सापर जगमोहन लाल ने अपनी जान की परवाह न करके प्रबल वेग वाली धारा में डूबने से एक महिला की जान बचाने में अदम्य साहस और तत्परता का परिचय दिया।

33. 2582230 नायक सत्यन,
3-मद्रास, मार्फत 56 ए. पी. ओ.

